## न्यूज डायरी



### कुलभूषण जाधव पर आईसीजे के फैसले का पूरी तरह पालन किया: पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने रविवार को कहा कि कुलभूषण जाधव मामले में उसने आईसीजे के फैसले का श्पूरी तरह पालनश किया है। कुछ दिनों पहले इस मामले में भारत के वकील ने कहा था कि नई दिल्ली को उम्मीद थी कि वह मौत की सजा प्राप्त जाधव को रिहा कराने के लिए इस्लामाबाद को श्अनौपचारिक माध्यमश से मना लेंगे। भारतीय नौसेना के 49 वर्षीय सेवानिवृत्त अधिकारी को पाकिस्तान की एक सैन्य अदालत ने अप्रैल 2017 में श्जासूसी और आतंकवादश के आरोपों में मौत की सजा सुनाई थी। कुछ हफ्ते बाद भारत ने जाधव को राजनयिक पहुंच देने से इनकार करने और उनकी मौत की सजा को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में चुनौती दी थी। हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में जाधव मामले में भारत के मुख्य वकील हरीश साल्वे थे।

### अमेरिका में कोरोना संक्रमित भारतीय महिला की आपबीती, ऐसे पाई नई जिंदगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यू जर्सी। वैश्विक महामारी बन चुके कोरोना के कहर से पूरी दुनिया जूझ रही है। इन सबके बीच कई ऐसे किस्से भी सुनने को मिल जाते हैं जिससे इस खतरनाक वायरस के संक्रमण से जूझ रहे लोगों के अंदर लड़ने की हिम्मत बढ़ती है। आज हम अमेरिका में रहने वाली ऐसी ही एक भारतीय महिला की आपबीती सुनाने जा रहे हैं जिसने संक्रमण के बावजूद हिम्मत नहीं हारी और पूरे परिवार को सुरक्षित रखा। जब अमेरिका में संक्रमण की दर दुनिया में सबसे तेज थी तब न्यू जर्सी स्टेट में रहने वाली भारतीय महिला को गले में खराश का अहसास हुआ। उसने यह जानने के लिए कि कहीं संक्रमण तो नहीं हो उसने उसने कोरोना होने के सभी लक्षणों के बारे में जानना शुरू कर दिया। उसे डर था कि उसके पति और बच्चा भी इस बीमारी से संक्रमित न हो जाएं। महिला ने अपने पति के साथ इस मुद्दे पर चर्चा की, हालांकि उन्होंने संक्रमण के विचार को इस लिए छोड़ दिया क्योंकि महिला को खांसी या बुखार जैसे कोई लक्षण नहीं थे।

### काबुल में चार बम विस्फोट, चार नागरिक घायल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। उत्तरी काबुल में सोमवार को चार बम विस्फोट में एक बच्ची समेत चार लोग घायल हो गए। अफगान अधिकारियों के अनुसार एक बम कूड़ेदान के नीचे और तीन अन्य सड़क किनारे रखे गए थे। काबुल पुलिस के प्रवक्ता फरदौस फरमर्ज ने बताया कि सड़क किनारे 10–20 मीटर की दूरी पर बमों को रखा गया था। उन्होंने कहा कि विस्फोट में 12 साल की बच्ची घायल हुई है और पुलिस घटना स्थल की जांच कर रही है। अभी तक किसी ने बम विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है और विस्फोट के निशाने पर कौन था यह पता नहीं चल पाया है। काबुल और उसके आसपास तालिबान और इस्लामिक स्टेट दोनों गुट सक्रिय हैं जो लगातार नागरिकों और फौजियों को अपना निशाना बनाते रहे हैं।

### पोलियो की तरह जिंदगी भर की बीमारी दे सकता है कोरोना वायरस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। कोरोना वायरस महामारी के चलते दुनिया सकते में है। इस वायरस के नए–नए लक्षण सामने आ रहे हैं। फेफड़ा और हार्ट डैमेज के साथ स्ट्रोक और ब्रेन डैमेज कुछ ऐसे ही लक्षण हैं जो संक्रमितों में दिखाई दे रहे हैं। हर कोई इस बुरे दौर के गुजर जाने के इंतजार में है। लेकिन, अब डॉक्टर्स का कहना है कि इस वायरस का असर इंसान के शरीर पर लंबे समय तक बना रहेगा। डॉक्टरों ने कहा कि जो लोग कोरोना वायरस को मात दे भी चुके हैं, उनमें भी कई बीमारियों का खतरा बढ़ जाएगा। वहीं, ब्रिटेन के डॉक्टरों का कहना है कि आंकड़े ये बताते हैं कि कोरोना के लक्षण किसी इंसान में 30 दिन या उससे अधिक दिनों में भी सामने आ सकते हैं जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा था कि 14 दिन का समय बहुत है। इस रिपोर्ट में सामने आया कि कुछ मरीजों को ये वायरस लंबे समय तक परेशान कर सकता है।

# खानपान को लेकर डब्ल्यूएचओ ने पहली बार जारी की गाइडलाइन

**सलाह**

## संक्रमण से बचने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने जारी की फूड सेफ्टी टिप्स

■खानपान में साफ–सफाई का रखें विशेष ध्यान, किचन साफ रखें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जिनेवा। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन समय–समय पर गाइडलाइन जारी करता रहता है। डब्लूएचओ ने पहली बार कोरोना की वीभिषिका से बचने के लिए खानपान को लेकर गाइडलाइन जारी की है। इसमें फूड सेफ्टी के साथ ही खानपान को लेकर कई तरह की महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई हैं।



**किचन की साफ-सफाई का रखें विशेष ध्यानः** डब्लूएचओ ने कहा है कि कोरोना संक्रमण से बचने के लिए लोग साफ–सफाई का विशेष ध्यान दें। कोई भी खाद्य पदार्थ छूने से पहले और खाने से पहले अपने हाथों को अच्छे से साफ करें। किचन के फ्लोर को भी रोज अच्छी तरह से साफ करें। किचन में किसी भी प्रकार के कीड़े मकोड़ों और चूहों जैसे जीव को प्रवेश न करने दें।

**किचन के कपड़ों को साफ रखें**

किचन के कपड़ों को भी अच्छी तरह से साफ करें क्योंकि हानिकारक बैक्टीरिया अक्सर इन कपड़ों, बर्तन रखने की जगहों और सब्जी काटने के बोर्ड पर चिपक जाते हैं। इन जगहों की भी रोज सफाई करें। किचन में किसी भी तरह की गंदगी न जमा होने दें।

**पके हुए और कच्चे खाद्य पदार्थों में दूरी रखें:** पके हुए खाद्य पदार्थों को कच्चे खाद्य पदार्थों से दूर रखें। खासकर मीट या सी फूड आयटम को खाने वाली वस्तुओं के सीधे संपर्क में न आने दें।

एक तरह की खाद्य समाग्री को काटने के बाद चाकू और कटिंग बोर्ड को साफ कर लें। कच्चे और पके भोजन को अलग–अलग बर्तनों में रखें और यह सुनिश्चित करें कि दोनों आपस में संपर्क में न हों।

**पीने और खाना बनाने के लिए साफ पानी का प्रयोग करें**

खाने में इस्तेमाल होने वाले पानी की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। हो सके तो खाना बनाने के लिए भी आरओ वॉटर का ही प्रयोग करें। किसी भी सब्जी को पकाने के पहले उसे साफ पानी से अच्छी तरह धो लें। ताजी सब्जियों का ही सेवन करें। कोई भी खाद्य पदार्थ खरीदते समय एक्सपायरी डेट को जरूर चेक करें।

**मांसाहारी और शाकाहारी भोजन भी अलग रखें:** बता दें कि कच्चे भोजन जैसे मीट, सी फूड, जूस में खतरनाक बैक्टीरिया छिपे हो सकते हैं जो पके हुए खाद्य पदार्थ में भी जाकर उसे दूषित कर सकते हैं। ऐसे खाद्य पदार्थ को खाने से इंसान आसानी से बीमार हो सकता है।

**भोजन का अच्छी तरह से पकाएं**

किसी भी खाद्य पदार्थ को अच्छी तरह से पकाएं। खासकर देर से पकने वाले पदार्थ जैसे मीट, सी फूड, अंडे आदि को देर तक आंच पर रखें। इससे उसके अंदर मौजूद सभी प्रकार के बैक्टीरिया मर जाएंगे। पके हुए खाद्य पदार्थ को खाने से पहले गर्म करना सही रहेगा।

**पके हुए भोजन को हवा में न छोड़ें**

पके हुए भोजन को हवा में ज्यादा देर तक न छोड़ें। अगर आप उस खाद्य पदार्थ को पूरा नहीं खा पा रहे हैं तो उसे फ्रीज में रख दें और फिर से खाने से पहले गर्म जरूर कर लें। पके हुए खाने को 2 घंटे से ज्यादा खुले वातावरण में न छोड़ें।

## चीन के स्टोर में मास्टरबेट करने लगी महिला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। दुनियाभर में उपभोक्ता सामान बेचने वाली कंपनी IKEA के चीन स्थित एक मेगा स्टोर में एक महिला सोफे और वहां रखे बेड पर बैठकर मास्टरबेट करने लगी। महिला ने इसका वीडियो भी बनाया। महिला की इस शर्मनाक हरकत का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया है। वीडियो को लेकर सोशल मीडिया में तीखी प्रतिक्रिया आने के बाद IKEA ने पूरे घटना की निंदा की है और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

वीडियो में नजर आ रहा है कि चीन के एक स्टोर में महिला सोफे पर बैठकर मास्टरबेट कर रही है। कंपनी ने स्टोर की लोकेशन के बारे में नहीं बताया है।

इस वीडियो के सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद लोगों ने कहा कि यह वीडियो दक्षिण चीन के गुआंगझाऊ के किसी स्टोर का है। वीडियो में मास्टरबेट कर रही महिला कैंटोनीज बोल रही है। वीडियो में दिखाई पड़ रहा है कि महिला जब यह शर्मनाक हरकत कर रही थी, उस समय उसके पास से गुजर रहे उपभोक्ता इससे बेपरवाह हैं।

चीनी समाचार पत्र ग्लोबल टाइम्स के मुताबिक IKEA चाइना ने कहा है कि मामले की जांच की जा रही है।



### ईरान ने अपने ही जंगी जहाज पर दागी मिसाइल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेहरान। ओमान की खाड़ी में सैन्य अभ्यास के दौरान ईरान ने गलती से अपने ही एक जंगी जहाज पर मिसाइल दाग दी। इस हमले में 19 नौसैनिकों की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हो गए। ईरानी सरकारी टीवी चौनल ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि यह हादसा रविवार को तेहरान से दक्षिण पूर्व में जस्क बंदरगाह के पास हुआ। जिस जंगी जहाज पर मिसाइल गिरी वह हेंडिजन–क्लास सपोर्ट शिप कोनारक थी। इस हमले में यह शिप पूरी तरह से बर्बाद हो गई। हालांकि ईरानी मीडिया ने इसे एक दुर्घटना करार देते हुए कहा कि यह शिप मिसाइल के लक्ष्य के बहुत पास थी।

## डोनाल्ड ट्रंप ने ओबामा पर साधा निशाना, ट्विटर पर भिड़े समर्थक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाशिंगटन। अमेरिका के जस्टिस डिपार्टमेंट ने व्हाइट हाउस के पूर्व नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर माइकल फ्लिन के खिलाफ लगे सभी आरोपों को वापस ले लिया है। जिसके बाद से ही ट्विटर पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और बराक ओबामा के समर्थक भिड़े हुए हैं। ट्रंप समर्थक जहां #ObamaGate नाम से हैशटैग चलाकर ट्रंप पर निशाना साध रहे हैं वहीं ओबामा के समर्थकों ने रुज्तनउचश्रमंसवनेव्झिंज हैशटैग का सहारा लिया हुआ है।

**क्या है पूरा मामला:** व्हाइट हाउस के पूर्व नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर माइकल फ्लिन पर



आरोप था कि उन्होंने 2016 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रूस के राजदूत सर्गेई किस्लॉक से फोन पर बातचीत की थी। उनके फोन को एफबीआई ने टैप भी किया था जिसमें फ्लिन कथित तौर पर रूस के साथ राजनैतिक मामलों पर डील कर रहे थे। फ्लिन 2019 में रूस में आयोजित एक कार्यक्रम में भी शरीक हुए थे और उन्हें राष्ट्रपति पुतिन के बगल वाली सीट पर बैठाया गया था। ट्रंप के राष्ट्रपति चुने जाने के पीछे रूसी हाथ होने की जांच विशेष वकील रॉबर्ट मूलर ने की थी। जिसके बाद उन्होंने माइकल फ्लिन को आधार बनाकर केस शुरू किया था।

**ओबामा ने जताया आश्चर्य**

पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने जस्टिस डिपार्टमेंट के फैसले पर आश्चर्य जताया और इसे अभूतपूर्व फैसला करार दिया। बता दें कि रॉबर्ट मूलर की जांच में संदिग्ध पाए गए माइकल फ्लिन को बरी करने के पीछे ट्रंप के सहयोगी माने जाने वाले अटार्नी जनरल बिल बार का बड़ा हाथ है। उन्होंने अपने पहले के अटार्नी जनरल और एफबीआई की जांच को खारिज करते हुए फ्लिन को बरी कर दिया।

## पीएम बोरिस जॉनसन के तुगलकी आदेश से ब्रिटेन में उबाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। कोरोना वायरस संकट से जूझ रहे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने लोगों से अपील की है कि वे आज से काम पर लौटें। जॉनसन ने कोरोना लॉकडाउन खत्म करने के लिए तीन चरणों वाले एक अंतरिम एग्जिट प्लान को पेश किया है। पीएम जॉनसन के इस तुगलकी ऐलान ने ब्रितानी लोगों के भ्रम को बढ़ा दिया है जिससे लोग काफी नाराज हैं और सोशल मीडिया पर अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं।

दरअसल, बोरिस जॉनसन ने जो एग्जिट प्लान पेश किया है, उसके मुताबिक लोग अपने परिवार के सदस्यों से नहीं मिल सकते हैं लेकिन काम के दौरान अपने सहकर्मियों से मिल सकते हैं। जॉनसन ने कहा कि जो लोग वर्क फ्रॉम होम नहीं कर सकते हैं, उन्हें आज से ही काम पर वापस आने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे लोग पब्लिक ट्रांसपोर्ट की जगह पर साइकल या पैदल ऑफिस जाएं। पीएम ने कहा कि बुधवार से लोग पार्क में एक्सरसाइज कर सकते हैं और सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों के मुताबिक धूप सेंक सकते हैं।